# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 518 वर्ष 41 (विशेषांक) राँची, 30 जून, 2017

## सबका साथ सबका विकास सम्मेलन – सीसीएल वे फॉरवर्ड का भव्य आयोजन

''सबका साथ सबका विकास सम्मेलन –सीसीएल वे फॉरवर्ड'' का भव्य आयोजन सीसीएल ने झारखंड के चार जिलों में क्रमशः 10 जून को रामगढ़, 13 जून को गिरिडीह, 16 जून को लातेहार तथा 19 जून को चतरा में आयोजित किया। सम्मेलन के माध्यम से भारत सरकार तथा सीसीएल द्वारा विगत 03 वर्षों में किये गए कल्याणकारी योजनाओं एवं क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी गई।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न योजनाएं जैसे शिक्षा से संबंधित सीसीएल के लाल एवं लाडली, 150 ड्रॉपआउट बच्चों की निःशुल्क शिक्षा, बिरहोर जाति के बीच स्कूल किट का वितरण, कोयला खनन क्षेत्रों में पेयजल का समाधान ग्रामीणों के लिए हैंडपम्प, कौशल विकास गतिविधियां, आईटीआई (ईलेक्ट्रीशियन), ड्राइविंग प्रशिक्षण, वेल्डिंग, रोजगार मेला आदि को स्टैन्डिज/ऑडियो विजुअल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा खेल, स्वास्थ्य, स्वच्छता अभियान, मेक इन इंडिया जैसे विभिन्न योजनाओं को भी प्रदर्शित किया गया। सीसीएल के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ–साथ सम्मेलन में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत योजना, स्किल इंडिया योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को दर्शाया गया था। कार्यक्रम के दौरान गणमान्य तथा बहुत बड़ी संख्या में आमजन ने सीसीएल द्वारा क्रियान्वित लोककल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की। सम्मेलन के दौरान 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को 90% अंक प्राप्त करने एवं सिविल सर्विस में सफल अभ्यार्थियों को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों को पढ़ाई और प्रतियोगिता परीक्षा में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया।



दिव्यांग बच्चों के साथ माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास, सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

## सरकार अंत्योदय के उद्देश्य के लिए समर्पित है –मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास

विगत 19 जून को चतरा में आयोजित ''सबका साथ सबका विकास'' सम्मेलन–सीसीएल वे फॉरवर्ड'' सम्मेलन में मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड श्री रघुवर दास, विधायक (चतरा) श्री जयप्रकाश सिंह भोक्ता, विधायक (सिमरिया) श्री गणेश गंझू, सीएमडी श्री गोपाल सिंह, 20 सुत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष श्री नवीन साव, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, जन–प्रतिनिधिगण, सीसीएल वृहद परिवार सहित आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार अंत्योदय के उद्देश्य के लिए समर्पित है और जब तक अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान न आ जाए हम सतत् कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की अगुवाई में राज्य में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं सफलतापूर्वक चल रही है। अवसर विशेष पर उन्होंने सीसीएल की प्रगतिशील छवि पर भी प्रकाश डाला।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि झारखंड में माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सीसीएल ''गरीब, ग्रामीणों एवं श्रमिकों के सर्वांगीण विकास'' के लिए सतत प्रयत्नशील है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कौशल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी अहम भूमिका निभा रहा है।



दीप प्रज्जवलित करते माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास, सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य अतिथिगण

अवसर विशेष पर विधायक श्री जयप्रकश सिंह भोक्ता, एवं श्री गणेश गंझू ने अपने संबोधन में चल रहे विकास कार्यों के बारे में उपस्थित सभी को अवगत कराया और कहा कि हम माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सपनों को पूरा करते हुए विकास कार्य जारी रखेंगे।

## आमजन के सहयोग से उपलब्धि हासिल की –डॉ नीरा यादव

13 जून को गिरिडीह में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीया शिक्षा मंत्री झारखंड डॉ नीरा यादव ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जो उपलब्धि हासिल की है उसमें आमजन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

अवसर विशेष पर सांसद (गोड्डा) श्री निशिकान्त दूबे, सांसद (गिरिडीह) श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय, सांसद (कोडरमा) श्री रवीन्द्र कुमार राय, विधायक (गिरिडीह) श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, विधायक (जमुआ) श्री केदार हाजरा, विधायक (गांडेय) प्रो. जयप्रकाश वर्मा, निदेशक (यो./परि.) श्री एके मिश्रा, जनप्रतिनिधिगण सीसीएल कर्मी सहित आमजन उपस्थित थे। महाप्रबंधक (कल्याण) श्री वी एन प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




गिरिडीह कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव, निशिकांत दुबे एवं अन्य अतिथिगण

## तीन साल बेमिसाल – श्री जयन्त सिन्हा

10 जून को रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री (नागरिक उड्डयन) श्री जयन्त सिन्हा,




रामगढ़ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री जयंत सिन्हा एवं अन्य अतिथिगण

सांसद (राज्य सभा) श्री महेश पोद्दार, 20 सुत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष श्री राकेश कुमार, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, जन–प्रतिनिधिगण, सीसीएल वृहद परिवार सहित आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री जयन्त सिन्हा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार के तीन साल बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने हजारीबाग, रामगढ़ सहित केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहें विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

स्वागत भाषण नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा ने किया।

## सरकार जनता के प्रति जवाबदेह – सुदर्शन भगत




लातेहार कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री सुदर्शन भगत एवं अन्य अतिथिगण

लातेहार (16 जून) के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (कृषि एवं किसान कल्याण) श्री सुदर्शन भगत, सांसद (चतरा) श्री सुनील कुमार सिंह, विधायक (मनिका) श्री हरिकृष्णा सिंह, 20 सुत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष श्री रामधनी यादव, जन–प्रतिनिधिगण, सीसीएल वृहद परिवार के सदस्य सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री सुदर्शन भगत ने सम्मेलन में विगत तीन वर्षों में किए गए विकास कार्यों का लेखा–जोखा दिया और केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माननीय श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार देश के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है।

अपने स्वागत भाषण में नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र ने सीसीएल द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला और कंपनी को आमजन के लगातार मिल रहे सहयोग कि सराहना की।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)